आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)

शुक्रवार 31.05.2024 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण के मतदान की तैयारियां पूरी। सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों के लिए कल मतदान।
- प्रदेश में लंबित मुकदमों के समाधान के लिए 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी कल से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी।
- मौसम विभाग ने कल से प्रदेश के कुछ स्थानों पर बारिश की संभावना जताई है।

लोकसभा चुनाव

लोकसभा चुनावों के सातवें और अंतिम चरण का मतदान कल होगा। इस चरण में सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। इनमें उत्तर प्रदेश और पंजाब की 13–13 सीटें, पश्चिम बंगाल की 09, बिहार की 08, ओडिसा की 06, हिमाचल प्रदेश की 04, झारखंड की तीन और चंडीगढ़ की एक सीट शामिल है। मतदान सवेरे सात बजे शुरू होगा और पांच बजे तक चलेगा। निर्बाध और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किए हैं। मतदान केन्द्रों पर शेड, पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर और बिजली की उचित व्यवस्था की गई है।

सातवें चरण के मतदान के समाप्त होने के साथ ही कल देशभर में 18वीं लोकसभा चुनाव के लिए मतदान संपन्न हो जाएगा। वोटो की गिनती आगामी चार जून को होगी। मतगणना की तैयारियों को देशभर के साथ ही प्रदेश में भी अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके लिए प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतगणना कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। नई टिहरी के नगरपालिका परिषद हॉल में आज 3 सौ 34 मतगणना कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान उन्हें निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन और मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गयी।

लोक अदालत

अदालतों में बढ़ते मुकदमों को देखते हुए दिल्ली उच्च न्यायाल के आदेशानुसार आगामी 29 जुलाई से 3 अगस्त तक देहरादून में विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जिसमें उन विवादों का निपटारा किया जाएगा जो आपसी सुलह–समझौते के आधार पर निपट सकते हैं। जिले की जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सीमा डुंगराकोटी ने कहा है कि लोक अदालत में सुनवाई के लिए 28 जुलाई से पहले पंजीकरण करा लें।

स्वच्छता अभियान

प्रदेश के चारधाम यात्रा मार्गों पर स्वच्छता अभियान जारी है। अभियान में जिला प्रशासन, मंदिर समिति व विभिन्न संगठनों के लोग जुटे हुए हैं। इसके अलावा यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर उन्हें पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। साथ ही यात्रा मार्ग पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई भी की जा रही है। केदारनाथ यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है, जिसके चलते धाम और यात्रा मार्ग पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। केदारनाथ नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी चन्द्रशेखर चौधरी ने बताया कि स्वच्छ वातावरण को बनाये रखने के लिये यात्रियों को जागरूक किया जा रहा है और उनसे अपील की जा रही है कि वे कूड़ा कूड़ेदान में ही डाले और स्वच्छता व्यवस्थता बनाये रखें।

## विश्व तंबाकू निषेध दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेद दिवस है। इस दिवस का उद्देश्य लोगों को तंबाकू से होने वाले खतरों के बारे में बताना और जागरूक करना है। इस अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में रूद्रप्रयाग जिले के गुप्तकाशी में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं ने रैली निकाल कर तंबाकू के सेवन न करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में तंबाकू व उसके दुष्प्रभाव विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

## फूलों की घाटी

चमोली जिले में स्थित विश्व धरोहर फूलों की घाटी कल से पर्यटकों के लिए खोल दी जाएगी। घाटी में इस समय छह से सात प्रजाति के फूल खिल चुके हैं। इस साल घाटी में अच्छी बर्फबारी हुई है जिससे घाटी में अच्छी मात्रा में फूलों के खिलने की उम्मीद है। गौरतलब है कि जुलाई और अगस्त के बीच इस घाटी में सबसे अधिक 300 प्रजाति के फूल खिलते हैं। उस समय काफी संख्या में पर्यटक भी घाटी में पहुंचते हैं।

## ओवर साइड कमेटी का निरीक्षण

चारधाम ऑल वेदर रोड के तहत चंपावत जिले में चंपावत–पिथौरागढ़–लोहाघाट बाईपास का निर्माण होना है। इसके लिए आज उच्चतम न्यायाल के पूर्व न्यायाधीश एके सीकरी के नेतृत्व में गठित समिति ने पिथौरागढ़ और चंपावत का हवाई सर्वेक्षण किया। साथ ही समिति ने चम्पावत के मुड़यानी से तिलोन तक लगभग 9 दशमलव चार किलोमीटर बाईपास का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि समिति ने निरीक्षण कर लिया है और जल्द ही सड़क निर्माण को लेकर सकारात्मक पहल शुरू की जाएगी।

राष्ट्रीय राजमार्ग के अधीक्षण अभियंता अनूप कुमार पांडे ने बताया कि चंपावत–लोहाघाट–पिथौरागढ़ बाईपास निर्माण के लिए करीब 320 करोड़ की धनराशि प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि बाईपास के निर्माण से चंपावत शहर में जाम की समस्या से निजात मिलने के साथ ही दूरस्थ ग्रामीणों को भी सड़क सुविधा का लाभ मिलेगा।

## दुर्घटना

उत्तरकाशी में आज दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, जबकि 18 अन्य घायल हो गये हैं। घायलों का उपचार नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। उत्तरकाशी से हमारे क्षेत्रीय संवाददाता ने बताया कि गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर डबरानी के पास भूस्खलन के चलते एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी, जबकि तीन अन्य घायल हो गये। भूस्खलन से दो वाहनों के क्षतिग्रस्त होने की खबर है। वहीं, यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा के पास आज सुबह यात्रियों से भरी एक बस पलट गयी। बस में लगभग 40 तीर्थयात्री सवार थे। इनमें से 15 लोगों को हल्की चोटें आई। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से ब्रह्मखाल स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। बस में सवार सभी तीर्थयात्री कर्नाटक के बताए गए हैं।

## कोटद्वार पार्किंग समस्या

पौड़ी जिले के कोटद्वार शहर में पार्किंग की समस्या समाधान और सड़को का डामरीकरण जल्द किया जाएगा। कोटद्वार शहरवासियों की परेशानियों का संज्ञान लेते हुए आज कोटद्वार से विधायक और विधानसभा अध्यक्षा ऋतु खण्डूड़ी भूषण ने संबंधित अधिकारीयों को आवश्यक दिशा–निर्देश देते हुए जल्द समाधान करने को कहा।

## मौसम

और अब एक नजर मौसम पर.... प्रदेश में कल से गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है, जबकि आज राज्य के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी महसूस की गयी। देहरादून स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि एक जून से मौसम में बदलाव की संभावना है। आकाशवाणी से बातचीत में उन्होंने बताया कि राज्य

के पर्वतीय और मैदानी क्षेत्रों में बारिश की संभावना है। बारिश से तापमान में एक से तीन डिग्री तक गिरावट के आसार हैं।

मौसम विभाग ने बारिश के दौरान यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं से सतर्कता बरतने और सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी है। साथ ही नदी–नालों के आसपास ना जाने की अपील की गयी है।